# महाराष्ट्र के कई जिलों में बारिश का कहर

**आईएमडी का रेड अलर्ट**

- महाराष्ट्र में अगले 7 दिन भारी बारिश
- किसानों और नागरिकों को सतर्क रहने की सलाह

## ▸ 8 की मौत; सोलापुर में सेना तैनात ▸ बाढ़ से गांवों का संपर्क टूटा, रोड-रेल सेवा बाधित



**मुंबई/नईदिल्ली/कोलकाता 24 सितंबर.** महाराष्ट्र के मराठवाड़ा क्षेत्र में पिछले चार दिनों से हो रही मूसलाधार बारिश ने जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित कर दिया है. लातूर, बीड, धाराशिव, नांदेड़ और छत्रपति संभाजीनगर में कुल 8 लोगों की मौत हो चुकी है. मौत के कारणों में बिजली गिरना, डूबना और दीवार गिरने जैसी घटनाएं शामिल हैं. देश के कई हिस्सों में मानसून का अलग-अलग रूप देखने को मिल रहा है — महाराष्ट्र में बाढ़ और तबाही, पश्चिम बंगाल में करंट से मौतें और मध्यप्रदेश से मानसून की विदाई. सितंबर के आखिरी सप्ताह में जहां एक तरफ मौसम की मार ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है, वहीं प्रशासन और बचाव दल दिन-रात राहत कार्य में जुटे हैं. धाराशिव जिले में 159 गांव प्रभावित हुए हैं, और 186 मवेशी मारे गए हैं. वहीं, 766 घरों को नुकसान और 14.44 लाख हेक्टेयर फसलें पूरी तरह बर्बाद हो गई हैं. एनडीआरएफ ने अब तक सैकड़ों लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया है. सोलापुर जिले की माढ़ा तहसील में बाढ़ से हालात और बिगड़े हैं. सेना का हेलिकॉप्टर भेजकर 30 ग्रामीणों को बचाया गया. नदियों में पानी छोड़े जाने के कारण आस-पास के गांव जलमग्न हो गए हैं. सिना कोलेगांव, भोगावती और खासापुरी परियोजनाओं से भारी पानी छोड़ा गया है.

पश्चिम बंगाल के कोलकाता में भी बारिश ने 39 साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया. 251.4 मिमी बारिश के कारण शहर के कई हिस्सों में 2 से 3 फीट पानी भर गया. करंट लगने से 10 लोगों की जान चली गई, जिनमें 8 मौतें कोलकाता शहर में ही हुई.

### दुर्गा पूजा से पहले आफत, कोलकाता जलमग्न

पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता इन दिनों मूसलधार बारिश की चपेट में है. सोमवार देर रात से शुरू हुई तेज बारिश ने शहर का जनजीवन पूरी तरह से अस्त-व्यस्त कर दिया है. दुर्गा पूजा की तैयारियों के बीच आई इस बारिश ने लोगों की मुसीबतें कई गुना बढ़ा दी हैं. कोलकाता में देर रात से हो रही भारी बारिश ने पूरे शहर को जैसे थाम कर रख दिया है. शहर के कई निचले इलाके पूरी तरह जलमग्न हो चुके हैं. बारिश की वजह से मेट्रो, लोकल ट्रेन और बस सेवाओं में भारी दिक्कत आ रही है. ब्लू लाइन मेट्रो के महानायक उत्तम कुमार और रवींद्र सरोबर स्टेशन के बीच जलभराव इतना बढ़ गया कि वहां सेवाएं पूरी तरह बंद करनी पड़ीं.



# तूफान रागासा से ताइवान में 17 मौत

**नयी दिल्ली/हांगकांग, 24 सितंबर. शक्तिशाली तूफान, रागासा से ताइवान में 17 लोगों की मौत हो गयी है और 18 अन्य घायल हो गये हैं. ताइवान में कहर बरपाने के बाद रागासा तूफान दुनिया के सबसे घनी आबादी वाले तटों में से एक की ओर बढ़ रहा है जिसे देखते हुये अब तक दक्षिण चीन में लगभग 20 लाख लोगों को सुरक्षित स्थानों पर भेजा गया है.**

स्थानीय अधिकारियों ने बताया कि रागासा के कारण लगभग 100 लोग अभी भी फंसे हुए हैं. इस वर्ष के सबसे शक्तिशाली तूफान रागासा ने बुधवार को वित्तीय केंद्र हांगकांग और दक्षिणी चीन के बड़े हिस्सों को ठप कर दिया. यह तूफान फिलीपींस के सुदूर द्वीपों और ताइवान के पहाड़ी क्षेत्रों से होकर गुजरा, जहां इसने भूस्खलन, बाढ़ और ऊंची लहरों के साथ भारी तबाही मचाई.

अब यह चीन के ग्वांगडोंग प्रांत की ओर बढ़ रहा है, जहां शेनझेन और ग्वांगझोउ जैसे विशाल शहर स्थित हैं. ताइवान में इसकी चपेट में आकर कम से कम 17 लोगों की मौत हो चुकी है और बुधवार दोपहर तक 18 अन्य लोग लापता हैं. यह तबाही एक प्राकृतिक झील के टूटने के बाद आयी जो भूस्खलन के मलबे से बनी थी और इसमें काफी मात्रा में पानी जमा था.

# जीएसटी कलेक्शन 22 लाख करोड़ पहुंचा

**लखनऊ, 24 सितंबर. उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को कहा कि घटे हुए जीएसटी रेट्स से आम उपभोक्ता, व्यापारी और उद्यमी सभी वर्गों को बड़ा लाभ मिल रहा है. इस रिफॉर्म ने जहां उपभोक्ताओं को राहत दी है, वहीं बाजार की मजबूती और रोजगार सृजन का मार्ग भी प्रशस्त किया है.**

योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को हजरतगंज स्थित यूनिवर्सल बुकसेलर के पास पत्रकारों से बातचीत में कहा कि उपभोक्ताओं के मामले में देश का सबसे बड़ा राज्य होने के कारण जीएसटी रिफॉर्म का सबसे अधिक लाभ यूपी के व्यापारियों और ग्राहकों को होगा. मुख्यमंत्री ने कहा कि विद्यार्थियों के लिए नोटबुक, पेंसिल और अन्य शैक्षणिक सामग्री पर जीएसटी शून्य कर दिया गया है. इसी तरह ज्यादातर घरेलू उपयोग की आवश्यक सामग्रियों को जीरो या 5 प्रतिशत के दायरे में लाया गया है. जीवन रक्षक 33 प्रकार की दवाओं को भी पूरी तरह से जीएसटी से मुक्त कर दिया गया है. उन्होंने कहा कि बाजार में खपत बढ़ने से उत्पादन में वृद्धि हुई है.



इससे व्यापारी और उद्यमी दोनों को लाभ हुआ है और युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर खुले हैं. त्योहारों के सीजन में यह बड़ा कदम उपभोक्ताओं के लिए राहत लेकर आया है. मुख्यमंत्री ने कहा कि यूपी देश का सबसे बड़ा उपभोक्ता राज्य है और इस रिफॉर्म से यहां की अर्थव्यवस्था को विशेष मजबूती मिलेगी. सीएम ने बताया कि जीएसटी लागू होने के बाद देश का कलेक्शन 7 लाख करोड़ से बढ़कर 22 लाख करोड़ तक पहुंचा है, जबकि यूपी में यह 49 हजार करोड़ से बढ़कर 1.15 लाख करोड़ से ऊपर पहुंच चुका है. इससे पहले मुख्यमंत्री ने हजरतगंज मार्केट में व्यापारियों और उपभोक्ताओं से मुलाकात की.

# 15 लाख रुपये लेकर पर्चे लीक करवा रहे : प्रियंका

**नयी दिल्ली, 24 सितबर. कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने उत्तराखंड में पेपर लीक की घटना पर गहरा रोष व्यक्त करते हुए हैरानी जताई कि बच्चे 15-15 घंटे तैयारी परीक्षा दे रहे हैं और सरकार में बैठे लोग 15 लाख रुपये लेकर पर्चे लीक करवा रहे है.**



वाड्रा ने एक अभ्यर्थी की पीड़ा को उधृत करते हुए सोशल मीडिया एक्स पर लिखा हम लाइब्रेरी में 15-15 घंटे पढ़ रहे हैं, ये 15-15 लाख में पेपर बेच रहे हैं उन्होंने कहा कि यहां सवाल सिर्फ एक उम्मीदवार की पीड़ा का नहीं, उत्तराखंड समेत देश के ज्यादातर युवाओं का यही दर्द है. आज बेरोजगारी देश की सबसे बड़ी समस्या है, क्योंकि उत्तराखंड, बिहार, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश समेत जहां भी भाजपा सरकार में है, वहां बड़े पैमाने पर पेपर लीक करवाये जा रहे हैं. वाड्रा ने कहा कि परीक्षाओं में व्याप्त भ्रष्टाचार युवाओं का जीवन बर्बाद कर रहा है और प्रधानमंत्री मूकदर्शक बने हुए हैं.



**गुजरात .** गुजरात आप विधायक चैतर वसावा की जेल से रिहाई के बाद परिवार और समर्थकों ने गर्मजोशी से स्वागत किया. इस अवसर पर आम आदमी पार्टी के संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सोशल मीडिया पर संदेश साझा करते हुए लिखा - "वेलकम बैक".

## एक नजर में

### भजनलाल ने राजस्थान दिवस के लोगो का किया अनावरण




**जयपुर.** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बुधवार को यहां प्रवासी राजस्थान दिवस के लोगो का अनावरण किया. शर्मा ने मुख्यमंत्री निवास पर इस दौरान 26 सितंबर को हैदराबाद में आयोजित होने वाली प्रवासी राजस्थानी कनेक्ट मीट के सफल आयोजन को लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए.

### इतालवी ड्रीमगर्ल अभिनेत्री क्लाउडिया कार्डिनल का निधन

रोम. यूरोपीय सिनेमा की साठ के दशक में अग्रणी अभिनेत्री रहीं क्लाउडिया कार्डिनेल का फ्रांस के नेमॉर्स में निधन हो गया है. वह 87 वर्ष की थीं. कार्डिनेल ने अपने छह दशक के करियर में 150 से ज़्यादा फिल्मों में काम किया. उन्होंने यूरोप के अलावा हॉलीवुड फिल्मों में भी अभिनय किया, जिनमें ब्लैक एडवर्ड्स की कॉमेडी क्लासिक द पिंक पैंथर भी शामिल है. उन्होंने महान फिल्मकार फेड्रिक फेलिनी की में भी मुख्य भूमिका निभाई थी. इसके अलावा उनके हिस्से में वर्नर हज़ीग की फ़िट्ज़कारल्डो और सर्जियो लियोन की वन्स अपॉन अ टाइम इन द वेस्ट जैसा शास्त्रीय सिनेमा भी है. कार्डिनेल को अक्सर 1960 और 70 के दशक में महान अभिनत्रियों सोफिया लॉरेन और जीना लोलोब्रिगिडा के साथ रखा जाता था. लोलोब्रिगिडा का 2023 में निधन हो चुका है और सोफिया (90) जिनेवा में रहती हैं.



### रूसी वायु रक्षा प्रणालियों ने 70 यूक्रेनी ड्रोन मार गिराये



**मॉस्को.** रूसी वायु रक्षा प्रणालियों ने मंगलवार रात पाँच रूसी क्षेत्रों और काला सागर में 70 यूक्रेनी ड्रोनों को नष्ट कर दिया. रूसी रक्षा मंत्रालय ने बुधवार को बताया पिछली रात बेलगोरोड, कुर्स्क, रोस्तोव, वोल्गोग्राड क्षेत्रों, क्रीमिया गणराज्य और काला सागर के ऊपर तैनात वायु रक्षा प्रणालियों ने 70 यूक्रेनी मानवरहित ड्रोन प्रणालियों को नष्ट करते हुये उन्हें आगे बढ़ने से रोक दिया.

# छग विकसित भारत का हिस्सा बनेगा

**रायपुर, 24 सितंबर. छत्तीसगढ़ अब केवल कोर सेक्टर तक सीमित नहीं है, बल्कि आने वाले समय में यह वेलनेस, हेल्थकेयर और पर्यटन के क्षेत्र में भी राष्ट्रीय पहचान बनाएगा. मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज ओमाया गार्डन, रायपुर में आयोजित छत्तीसगढ़ केयर कनेक्ट कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यह बात कही.**

मुख्यमंत्री साय ने अपने उद्बोधन की शुरुआत शारदीय नवरात्रि की शुभकामनाओं से की और कहा कि यह आयोजन ऐसे समय में हो रहा है, जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में लागू जीएसटी 2.0 ने अर्थव्यवस्था को सरलता, पारदर्शिता और तेजी की दिशा में आगे बढ़ाया है.



इस सुधार ने निवेशकों और उद्यमियों के लिए अभूतपूर्व अवसर खोले हैं. मुख्यमंत्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के विज़न के साथ कदमताल करते हुए प्रदेश सरकार ने विकसित छत्तीसगढ़ का लक्ष्य रखा है. इस लक्ष्य को साकार करने के लिए पिछले डेढ़ वर्ष में 350 से अधिक सुधार लागू किए जा चुके हैं.

### महाराष्ट्र में सड़क मरम्मत पर नजर रखेगा एआई

**मुंबई.** महाराष्ट्र सरकार सड़क के गड्ढों की मरम्मत की निगरानी और देखरेख का वास्तविक समय में पता लगाने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) आधारित मोबाइल ऐप का उपयोग पायलट आधार पर करेगी. यह ऐप नागरिकों को सड़क निर्माण की स्थिति की जानकारी हासिल करने में भी सक्षम बनाएगा, जिससे पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित होगी. लोक निर्माण मंत्री शिवेंद्र सिंहराजे भोसले ने यह जानकारी देते हुए कहा कि यह पहल न केवल तत्काल मरम्मत की समस्या का समाधान करेगी, बल्कि उन्नत तकनीक के उपयोग से अधिक पारदर्शिता भी लाएगी.

### आज का इतिहास

1340: इंग्लैंड और फ्रांस ने निरस्त्रीकरण संधि पर हस्ताक्षर किये.
1524: वास्कोडिगामा आखिरी बार वायसराय बनकर भारत आए.
1639 : अमेरिका में पहली प्रिंटिंग प्रेस की शुरुआत.
1654: इंग्लैंड और डेनमार्क ने व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर किये.
1846: अमेरिकी सेना ने मेक्सिको के मोंटेरी पर क़ब्ज़ा किया.
1897 : ब्रिटेन में पहली बस सेवा की शुरुआत हुई.
1920: भारत के प्रसिद्ध रॉकेट वैज्ञानिक सतीश धवन का जन्म.

### कांग्रेस को बिहार की 85 साल बाद क्यों याद आ गयी : रविशंकर प्रसाद

**नयी दिल्ली, 24 सितंबर. भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने बुधवार को पटना में कांग्रेस कार्य समिति की 85 साल बाद हो रही बैठक पर प्रतिक्रिया करते हुये कहा कि बैठक पूरी तरह राजनीति से प्रेरित है.**

रविशंकर ने यहां पार्टी मुख्यालय में पत्रकारों से कहा कि पटना में कांग्रेस की राष्ट्रीय कार्य समिति की बैठक हो रही है जो कई तरह के सवाल पैदा कर रही है. इससे पहले जब राज्य में लालू यादव का जंगलराज था तब क्यों बैठक नहीं की, अब कांग्रेस को अचानक बिहार की 85 साल बाद क्यों याद आ गयी.

रविशंकर ने कहा कि देश के पहले राष्ट्रपति राजेंद्र प्रसाद को जवाहरलाल नेहरू राष्टपति नहीं बनने देना चाहते थे. इतना ही नहीं राष्ट्रपति का कार्यकाल पूरा होने के बाद नेहरू सरकार ने उनका ख्याल नहीं रखा. बिहार कांग्रेस कार्यालय सदाकत आश्रम में प्रसाद दयनीय हालत में रहे जिसके लिए कांग्रेस जिम्मेदार है.


**जाहीर सूचना**

आम जनता को सुचित किया जाता है की हमारे पक्षकार इन्होने **श्री संजय थोमा, सी-२०३, आशियाना अपार्टमेंट, नेपियार टाउन, जबलपुर (मध्य प्रदेश)** से निम्नलिखित प्रकार की अचल संपत्ति खरीदने के लिए एक समझौता किया है और खरेदी पत्र करने वाले है।

**फ्लैट का विवरण: नागपुर महानगर पालिका की शहर सीमा के भीतर मौजा-भामटी, पी.एच. क्रमांक ४४-ए, तहसील नागपुर (शहर), जिला नागपुर, मलिक मकबूजा, खसरा क्रमांक ९६/१, कुल क्षेत्रफल ९४०० वर्ग मीटर, रचना मेघस्पर्श के नाम से निर्मित बिल्डिंग के विंग-ए में दूसरी मंजिल पर फ्लैट क्रमांक २०१-ए, इसका कुल निर्मित क्षेत्रफल १००.८५५ वर्ग मीटर (१०८५.६० वर्ग फीट) और कारपेट क्षेत्रफल ८५.८३६ वर्ग मीटर (९२३.९३ वर्ग फीट) है, जिसमें ०.५३४ प्रतिशत का अविभाजित हिस्सा है, मकान क्रमांक २४६१-सी, शीट क्रमांक ४०, सिटी सर्वे क्रमांक १९३, वार्ड क्रमांक ७५, भामती, नागपुर में स्थित है।**

रचना कंस्ट्रक्शन्स कंपनी और श्री सतीश वाघ के बीच मूल विक्री करारनामा, जिसका दस्तावेज नं. २००/२०१६, दिनांक १४/०१/२०१६ है और मूल विक्रीपत्र नं. १०८७/२०१६, दिनांक १०/०३/२०१६ है, दोनो दस्तावेज नागपुर रेजिस्ट्रार ऑफिस नं. २ के कार्यालय में पंजीकृत है, वर्तमान मालिक श्री संजय थोमा को उनके पिछले मालिक श्री सतीश वाघ ने सूचित किया कि उनके उपर लिखे डॉक्युमेंट खो गए/गुम हो गए/गायब हो गए हैं। हालाँकि, यदि किसी का उपरोक्त अचल संपत्ति के संबंध में कोई अधिकार, संबंध, अधिकार या दावा है या कहीं भी कोई बंधक, बिक्री, भार, अनुबंध आदि है, तो उसे इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से सात दिनों के भीतर व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होना होगा या मूल दस्तावेज के साथ लिखित रूप से सूचित करना होगा। समय सीमा के बाद, मेरे मुवक्किल बिक्री विलेख / विक्रीपत्र पंजीकृत करेंगे और उसके बाद इस संपत्ति के संबंध में किसी की भी किसी भी प्रकार की आपत्ति नहीं सुनी जाएगी।

नागपूर दि. २५/०९/२०२५

**ॲड. सागर ए. लोणे**
रा. प्लॉट नं. ८१८, पांडव कॉलेज जवळ, न्यू नंदनवन, नागपूर, मो. 7350547384
Vision4media 9767867322


# विकासशील देशों के समक्ष बड़ी चुनौतियां : जयशंकर

**अमेरिका-भारत रिश्तों में भी नरमी के संकेत**

**खतरे में है बहुपक्षवाद की अवधारणा**

**नई दिल्ली 24 सितंबर. विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने मौजूदा वैश्विक अनिश्चितताओं को लेकर गंभीर चिंता व्यक्त की है. उन्होंने कहा कि विकासशील देशों के सामने अपने अधिकारों और अपेक्षाओं को पूरा करने में बड़ी चुनौतियां का सामना करना पड़ा रहा हैं.**



संयुक्त राष्ट्र महासभा के दौरान समान विचारधारा रखने वाले ग्लोबल साउथ देशों की बैठक में भारत का दृष्टिकोण रखते हुए उन्होंने कहा कि आज की दुनिया कोविड महामारी, यूक्रेन और गाजा संघर्ष, चरम जलवायु घटनाओं, व्यापार में अस्थिरता और निवेश प्रवाह में कमी जैसी समस्याओं से जूझ रही है. इसका सबसे ज्यादा असर दक्षिणी देशों पर पड़ा रहा है. विदेश मंत्री ने कहा कि बहुपक्षवाद की अवधारणा खतरे में है, अंतर्राष्ट्रीय संस्थाएं अप्रभावी हो रही हैं.

### भारत-अमेरिका रिश्तों में पिघलती बर्फ

इसी बीच मे भारत-अमेरिका संबंधों को लेकर सकारात्मक संकेत सामने आए हैं। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो का कहना है कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के द्वारा भारत पर लगाए गए भारी टैरिफ को फिक्स करने के लिए तैयार हैं। यह टैरिफ रूस से भारत के तेल आयात की वजह से लगाया गया था. इसकी दर 50 प्रतिशत तक पहुंची, जो दुनिया के सबसे ऊंचे शुल्कों में से एक है। न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा के 80वें सत्र के दौरान जयशंकर और रुबियो की बैठक हुई, जो करीब एक घंटे चली।


**सोलापूर महानगरपालिका, सोलापूर**
इंद्रभुवन' आंबेडकर चौक, रेल्वे लाईन्स, सोलापूर ४१३००१
अतिरिक्त आयुक्त - १ यांचे कार्यालय

जा.क्र.अति.आयुक्त-१/वै/२४७ — दि. २४/०९/२०२५

**जाहीर टेंडर नोटिस**
सोलापूर महानगरपालिका

घनकचरा व्यवस्थापन विभागा कडील सार्वजनिक/सामुदायिक शौचालये प्रेशरने धुणे कामी नवीन ४ पाणी टँकर खरेदी करणेकरिता निविदा प्रसिद्ध करण्यात आलेली आहे.
१) 2025_SMC_1221532_1
सदर कामाचा तपशील http://www.mahatenders.gov.in या वेबसाईटवर दि. २४/०९/२०२५ पासून पाहण्यास उपलब्ध आहे.

सही/-
(वीणा पवार)
अति. आयुक्त-१
सोलापूर महानगरपालिका



**इचलकरंजी महानगरपालिका, इचलकरंजी**
ता. हातकणंगले जि. कोल्हापूर

**जाहिर फेर ई-निविदा सूचना क्र. १३/२०२५-२०२६**
**प्रथम मुदतवाढ**

पाणी पुरवठा विभागाकडील महानगरपालिका हद्दीमध्ये हरीतपट्टा तयार करणे व अपारंपारिक तंत्राचा वापर करुन विज निर्मीती करणे व इतर अनुषंगिक कामे करणेच्या कामांची जाहीर ई-निविदा क्रं. १३/२०२५-२६ www.mahatenders.gov.in या संकेतस्थळावर दि. १६/०९/२०२५ रोजी स. ११.०० वाजले पासून ते दि. २४/०९/२०२५ दुपारी १.०० वाजेपर्यंत अशी प्रसिध्द करणेत आली होती. तथापि या निविदेमधील अनु क्रं. १ च्या कामांस अत्यल्प निविदाकारानी निविदा सादर केलेने सदर ई-निविदा सादर करण्याचा अंतिम दि. २५/०९/२०२५ सायं. ५.०० वाजेपर्यंत अशी मुदतवाढ देणेत येत आहे.

शक्य झालेस निविदा दिनांक २६/०९/२०२५ दु. १.०० वाजता उपस्थित मक्तेदारांच्या समोर ऑनलाईन पध्दतीने उघडणेत येतील. सविस्तर जाहिरात www.mahatenders.gov.in या संकेतस्थळावर उपलब्ध आहे.

सही/-
अति. आयुक्त
इचलकरंजी महानगरपालिका


**बैठक** ▸ ट्रम्प ने मैक्रों, किंग अब्दुल्ला और एर्दोआन से मुलाकात की

# गाजा में संकट का समाधान ढूंढने एकत्र हुए कई देशों के राष्ट्राध्यक्ष

**न्यूयॉर्क, 24 सितंबर. अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने संयुक्त राष्ट्र में फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ संक्षिप्त बातचीत की. एक रिपोर्ट के अनुसार, मैक्रों ने कल घोषणा की थी कि फ्रांस फिलिस्तीन राज्य को मान्यता दे रहा है तथा दोनों राष्ट्राध्यक्षों के बीच अधिकांश बातचीत गाजा में संकट का समाधान ढूंढने पर केंद्रित रही.**

इस संबंध में ट्रम्प ने संवाददाताओं को बताया कि आज क्षेत्र के नेताओं के साथ उनकी बैठक है और उन्होंने कहा कि हम बहुत जल्द ही कोई परिणाम प्राप्त कर सकते हैं. मैक्रों के साथ यह बैठक ट्रम्प के इस सुझाव के तुरंत बाद हुई कि यूक्रेन रूस के खिलाफ लड़ाई में अपना सारा क्षेत्र वापस जीत सकता है. मैक्रों के अलावा, अमेरिकी राष्ट्रपति ने जॉर्डन के राजा अब्दुल्ला और तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तईप एर्दोगन से भी मुलाकात की.



### दूसरे देशों की प्रवासन और जलवायु नीतियों की आलोचना की

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा में अपने तीखे भाषण में संयुक्त राष्ट्र पर निशाना साधा और दूसरे देशों की प्रवासन एवं जलवायु नीतियों की आलोचना की. अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा खुली सीमाओं के असफल प्रयोग को खत्म करने का वक्त आ गया है और दावा किया कि जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र की भविष्यवाणियां गलत थीं. एक रिपोर्ट के अनुसार, इस भाषण के बाद महासभा में हडकंप मच गया. ट्रम्प ने रूस -यूक्रेन युद्ध पर अपने रुख में भी बड़ा बदलाव किया और कहा कि यूक्रेन पूरे देश को उसके मूल स्वरूप में वापस जीत सकता है. अपने ट्रुथ सोशल प्लेटफॉर्म पर एक पोस्ट में, उन्होंने कहा कि यूक्रेन, यूरोप और नाटो के समर्थन से उन मूल सीमाओं को वापस पा सकता है जहां से यह जंग शुरू हुयी थी. ट्रम्प ने लगभग एक घंटे तक चले भाषण में, दोहराया कि राष्ट्रपति के पद पर दोबारा आने के बाद से उन्होंने सात युद्ध रोक दिए हैं, और संयुक्त राष्ट्र इसमें उनकी मदद करने में नाकामयाब रहा है.

### रोहिंग्या विद्रोहियों को भड़का रहे अधिकारी

**नयी दिल्ली, 24 सितंबर.** अराकान आर्मी (एए) के कमांडर-इन-चीफ मेजर जनरल तुन म्यात नाइंग ने बांग्लादेश सीमा सुरक्षा बल के कुछ अधिकारियों पर रोहिंग्या विद्रोही समूहों, अराकान रोहिंग्या साल्वेशन आर्मी (एआरएसए) और रोहिंग्या सॉलिडैरिटी ऑर्गनाइजेशन (आरएसओ), को एए के ठिकानों पर हमले के लिए उकसाने का गंभीर आरोप लगाया है. मेजर जनरल ने एक विशेष साक्षात्कार में खुलासा किया कि 18 सितंबर की रात उत्तरी रखाइन राज्य के माउंगडॉ टाउनशिप में एए के बेस पर एआरएसए और आरएसओ के लड़ाकों ने समन्वित हमला किया.